सं. : न दि/गेल/सेक्ट./2019 06 फरवरी, 2019

1. लिस्टिंग विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400 051	2. लिस्टिंग विभाग, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड फ्लोर 1, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400001

प्रिय महोदय,

कृपया **"गेल ने मैसर्स आईएलएंडएफएस से बोकारो-दुर्गापुर खंड का पाइपलाइन बिछाने का अनुबंध रद्द किया"** से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति की प्रति प्राप्त करें।

उपर्युक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड हेतु है।

सधन्यवाद,
भवदीय,

(ए. के. झा)
कंपनी सचिव

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

<u>प्रति</u> :

ड्यूश बैंक ए जी, फिलिअले मुंबई
टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
मुंबई-400051

ध्यानाकर्षण-सुश्री अपर्णा सालुंके

गेल (इंडिया) लिमिटेड

गेल ने मैसर्स आईएल एंड एफएस से बोकारो-दुर्गापुर खंड का पाइपलाइन बिछाने का अनुबंध रद्द किया

प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा खंड के लिए पुनः अनुबंध किया गया तथा तीन कॉन्ट्रेक्ट्स को कार्य सौंपा गया

नई दिल्ली, 6 फरवरी, 2019: पूर्वी भारत के राज्यों में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन वाली प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा परियोजना की समयसीमा को कायम रखने के लिए, निष्पादन के अंतर्गत इस प्रतिष्टित परियोजना के ओनर व प्रचालक गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वित्तीयसंकट होने के कारण परियोजना की खराब प्रगति के चलते मैसर्स आईएलएंडएफएस से पाइप बिछाने के लिए किया गया अनुबंध रद्द किया। अब बोकारो-दुर्गापुर खंड (124 कि.मी.) का टेंडर फिर से किया गया तथा उर्वरक, सिटी गैस वितरण और अन्य औद्योगिक उपभोक्ताओं को आपूर्ति नेट्वर्क बढ़ाने हेतु निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए तीन अलग-अलग कॉन्ट्रेक्टर्स को अनुबंध सौंपा गया। इस महत्वपूर्ण दौर में पूर्व में किए गए विशेष उपाय में परियोजना गतिविधियों की देखरेख के लिए परियोजना सलाहकार मैसर्स इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड का स्थान मैसर्स मैकॉन को प्राप्त हुआ।

वारणसी में आपूर्ति प्रारंभ होने के बाद, 2660 किमी पाइपलाइन परियोजना का फेज़-I (लगभग585 कि.मी. लंबाई का फूलपुर-पटना खंड) अब तैयार होने के निकट है और बिहार की राजधानी पटना में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति का प्रारंभ इस माह के दूसरे पखवाड़े के दौरान होना अपेक्षित है।

श्री बी सी त्रिपाठी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, गेल ने प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा परियोजना के उल्लिखित समय सीमा के अंदर ही सख्ती से पूरा किए जाने को सुनिश्चित करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। तदनुसार, दुर्गापुर-हल्दिया तथा बोकारो-रांची-अंगुल-धामरा (1900 किमी) की ओर दोभी (गया) से आगे इस परियोजना का फेज़-2 दिसम्बर, 2020 तक प्रगतिशीलता से पूर्ण होगा जबकि बरौनी से गुवाहाटी की 750 किमी की पाइपलाइन का दिसम्बर 2021 तक परिचालित होना अपेक्षित है ।